**DAV PUNLIC SCHOOL, POKHARIPUT, BHUBANESWAR**
**ANNUAL EXAMINATION (SESSION 2021-22)**

**CLASS- V SUBJECT: LOWER HINDI**

**DT. 07.03.2022 F.M: 40 MARKS**

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

एक बार एक चूहा भागता हुआ ऋषि की कुटिया में घुस गया। ऋषि ने देखा कि एक बिल्ली उसका पीछा कर रही थी। संत ने चूहे को बिल्ली में बदल दिया। एक दिन वही बिल्ली फिर भागते हुए ऋषि की कुटिया में आ गई, इस बार एक कुत्ता उसका पीछा कर रहा था। यह देख ऋषि ने बिल्ली को कुत्ते के रूप में बदल दिया। कुछ दिनों के बाद वह कुत्ता भागते हुए आया, इस बार उसका पीछा एक शेर कर रहा था। ऋषि ने इस बार कुत्ते को शेर के रूप में बदल दिया। शेर जंगल में गया और उसने वहाँ के राजा को हरा दिया और वहाँ राज करने लगा। एक दिन वह शेर ऋषि को ही खाने के लिए उसकी कुटिया में पहुँच गया । जब ऋषि को एहसास हुआ कि वही शेर उसे खाना चाहता है तो उसने शेर को वापस चूहे के रूप में बदल दिया । फिर इधर कभी न आने को कह दिया इसीलिए तो कहाजाता है 'जो आपकी मदद करता है उसी के साथ बेईमानी ठीक नहीं' ।

1- ऋषि कहाँ रहते थे ?
(क)गुफा में (ख)कुटिया में (ग)जंगल में (घ)महल में

2- चूहे का पीछा कौन कर रही थी ?
(क)शेर (ख)कुत्ता (ग)भेड़िया (घ)बिल्ली

3- ऋषि ने कुत्ते को किस रूप में बदला ?
(क)सिंह (ख)चूहा (ग)शेर (घ)इंसान

4- शेर ऋषि की कुटिया में क्यों गया?
(क)ऋषि को खाने के लिए (ख)विश्राम लेने के लिए
(ग)छिपने के लिए (घ)उनको धन्यवाद देने

5- इस गदयांश से आपने क्या सीखा ?

(क)अपनी मदद करने वालों से बेईमानी ने करें । (ख)ऋषि बहुत डरपोक होते हैं (ग)घमंड ने करें (घ)अपनी बचाव खुद करें

6- चीकू को देख कर ............ मुँह में पानी आ गया ।

(क)से (ख)तुम्हें (ग)पर (घ)उसके

7- 'दुकान' शब्द को बहुवचन में बदलिए ।

(क)दुकानी (ख)दुकान (ग)दुकानें (घ)दुकानदार

8- 'मेंढक' की बोली को क्या कहते हैं?

(क)टर्राना (ख)रंभाना (ग)चिल्लाना (घ)दहाड़ना

9- 'छड़ी' की विशेषता बताने वाला शब्द चुनिए ।

(क)चाँदनी (ख)मजबूत (ग)घाना (घ)कड़क

10- खाली स्थान भरिए ।

अपने पैरों पर ....................... मारना अच्छी बात नहीं होती ।

(क)कुल्हाड़ी (ख)लाठी (ग) डांडा (घ)ताली

11- विकल्पों से चुनकर एक शब्द में लिखिए ।

जो बीमारों को दवाई दे -

(क) डॉक्टर (ख) दवाईवाला (ग) दवाई (घ) दवाखाना

12- 'साहसी' शब्द का विपरीत शब्द चुनिए ।

(क)दुबला (ख)डरपोक (ग)बेसाहसी (घ)बेसहारा

13- सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए

(क)तुमहे (ख)गान्व (ग)मिठइयां (घ)विजयी

14- जो लापरवाही करे उसे क्या कहते हैं ?

(क) लापरवाह (ख)परवाह (ग)बेपरवा (घ)लापरवाहिय

15- विकल्पों से ढूँढ कर 'कहानी' का वचन बदलिए ।

(क)कहानीया (ख)कहानी (ग)कहानियाँ

(घ)कहानियो

16- खाली स्थान पर सही जोड़े वाले शब्द भरिए। ?

बच्चा खेल के .............. में गेंद उछालने लगा ।

(क) बीच-बीच (ख)आस-पास (ग)किनारे-किनारे (घ)कभी-कभी

17- कुछ लोग कमरे के अंदर बैठे हैं और कुछ .............. खड़े हैं ।

सही विपरीत शब्द से वाक्य भरिए ।

(क) नीचे (ख)बाहर (ग)भीतर (घ) ऊपर

18- 'पुष्प' का समान अर्थ वाले शब्द को चुनिए ।

(क)सूर्य (ख)जग (ग)फूल (घ)धारा

19- दिए गए शब्दों में से अलग शब्द को चुनिए ।

(क)काला (ख)नीला (ग)पीला (घ) टेड़ा

20- सही भाव प्रकट करने वाले शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए ।

........... आज तो मज़ा आ गया ।

(क) अरे ! (ख)वाह ! (ग)ओह ! (घ)उफ !

21- चीकू कैसे वापस आया ?

(क)ढोलक के सहारे (ख)चल चल कर (ग)लोमड़ी के साथ (घ)भेड़िए के साथ

22.ढोलक फूट जाने पर चीकू ने अपना बचाव कैसे किया?

(क)वहाँ से भागकर (ख)लोमड़ी की आँखों में मिर्ची फेंककर (ग)अपनी माँ को बुलाकर (घ)उससे लड़ कर

23- लोमड़ी चिल्लाती हुई जंगल में क्यों भाग गई ?

(क)उसे भूख लगी थी (ख)मिर्च से उसकी आँख जलने लगी थी (ग) उसे डर लग रहा था (घ)उसे माँ बुला रही थी

24- जिन्हें देश से प्यार है वह क्या कहलाते हैं?

(क)देशभक्त (ख)देशवासी (ग)देशद्रोह (घ)विदेशी

25- जो संकट से भी घबराते नहीं है, उन्हें .......... कहा जाता है ।

(क)साहस (ख)साहसी (ग)निस्सहाय (घ)कायर

26- गीता किसके साथ मेला देखने आई है ।

(क)माँ के साथ (ख)सखियों के साथ (ग)गीता के साथ (घ)भाई के साथ

27-नाई किसे कहते हैं?

(क)जो हमारे घर में काम करता है। (ख)जो खेत में खेती करता है ।

(ग)जो हमारे बाल काटता है । (घ)जो कपड़ा बुनता है।

28-स्वामी जी को कौन पंखे से हवा कर रहा था ?

(क)रोटी लाने वाला गरीब (ख)रोटी बनाने वाली महिला (ग)एक अमीर आदमी (घ)उनका शिष्य

29- लोग स्वामीजी से क्या वायदा करते थे ?

(क) झूठ और पाखंड छोड़ने का (ख) शांति प्रतिष्ठा करने का (ग)आपस में झगड़ा न करने का (घ) नफरत छोड़ने का

30- राजू बाद में कैसा लड़का बना ?

(क)समझदार (ख)जिम्मेदार (ग)मेहनती (घ)उपरोक्त तीनों

31-बोपदेव कहाँ रहता था ?

(क)गाँव में (ख)माता-पिता के साथ (ग)गुरुकुल में (घ)जंगल के तट पर

32-रेल कहाँ से चलकर कोलकाता गई ?

(क)दिल्ली से (ख)लखनऊ से (ग)केरल से (घ)उत्तर से

33- रेल किसको गले मिलाती है ?

(क)बिछुड़े हुए को (ख)मेहनत करने वालों को (ग)मेहमानों को (घ)गरीबों को

34- रोबोट किसके हाथ की कठपुतली है ?

(क)सोनू के (ख)मशीनों के (ग)आदमी के (घ)बिजली के

35- रोबोट किस से चलता है ?

(क)रोशनी से (ख)बिजली से (ग)कोयले से (घ)पानी से

36-पूजा के घर किसने टेलीफोन किया ?

(क)नेहा ने (ख)निशा ने (ग)मीरा ने (घ)मंजू ने

37- उनसे मेरी बात करा दो किसने कहा ?

(क)मीरा (ख)निशा (ग)मंजू (घ)पूजा

38- पुराने किले में क्या बना हुआ है ?

(क)गुरुद्वारा (ख)जंतर-मंतर (ग)चिड़िया घर (घ)नहर

39-.......... के सामने इंडिया गेट है ?

राष्ट्रपति भवन (ख) लाल किला (ग)शीशगंज (घ)कुतुब मीनार

40-रोटी पाठ में किस महापुरुष के बारे में चर्चा हुई है ?

(क)महात्मा गांधी (ख)स्वामी दयानंद सरस्वती (ग)विवेकानंद (घ)महात्मा बुद्ध